# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : एम.जे.पी.रू.वि. / उपाधि / एफ–14 / 2021 / 900-905 दिनांक : 31.12.2021

**समयबद्ध / महत्वपूर्ण / संशोधित**

प्राचार्य / प्रचार्य / प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

महोदय / महोदया,

कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित 10 सदस्यीय समिति द्वारा दी गई संस्तुतियों पर मा0 कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 29.12.2021 के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा एक उपाधि मेले का आयोजन किया जा रहा है।

उपरोक्त के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा आपके महाविद्यालय को उपलब्ध कराई गई विगत शिक्षा सत्रों 2016–17, 2017–18 तथा 2018–19 की उपाधियों को छात्रों के वितरण हेतु, उनके उपलब्ध मोबाईल नं0 / ई–मेल आई.डी. पर सूचना प्रेषित करते हुये दिनांक 08, 09 एवं 10 जनवरी 2022 को विश्वविद्यालय के अनुरूप महाविद्यालय स्तर पर एक उपाधि वितरण मेले का आयोजन कर सम्बन्धित छात्रों को उनकी उपाधियॉ प्राप्त करायें।

उपरोक्त उपाधि वितरण मेले की सूचना स्थानीय समाचार पत्रों में छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशित कराते हुये महाविद्यालय की वेबसाईट तथा अन्य माध्यमों पर प्रकाशित की जायें।

उपरोक्त उपाधि वितरण मेले के उपरान्त, उपाधि वितरण की सूचना प्रत्येक दशा में दिनांक 11.01.2022 की पूर्वान्ह तक विश्वविद्यालय को ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तदनुसार दिनांक 12.01.2022 को आयोजित दीक्षान्त समारोह हेतु उक्त सूचना का प्रयोग किया जा सके।

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मीडिया प्रभारी।
2. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट।
3. निजी सचिव, कुलपति
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव
5. सम्बन्धित पत्रावली।

परीक्षा नियन्त्रक